1. Consider the following statements about Haryana's folk music :

I. 'Bara Masa' is a popular musical form that expresses the emotional journey of separated lovers through the twelve months.

II. 'Jhoolna' songs are associated with religious ceremonies and sung during death rituals.

III. 'Phag' is a seasonal form of music sung during the Holi festival and expresses joy and playfulness.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I and II only (B) I and III only
(C) I only (D) I, II, and III
(E) Not attempted

1. हरियाणा के लोक संगीत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. 'बारा मासा' एक लोकप्रिय संगीत रूप है जो बारह महीनों के दौरान बिछड़े प्रेमियों की भावनात्मक यात्रा को व्यक्त करती है।

II. 'झूलना' गीत धार्मिक समारोहों से जुड़े होते हैं और मृत्यु संस्कार के दौरान गाए जाते हैं।

III. 'फाग' होली के त्योहार के दौरान गाया जाने वाला संगीत का एक मौसमी रूप है और यह खुशी और चंचलता को व्यक्त करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल I और II (B) केवल I और III
(C) केवल I (D) I, II और III
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

2. Which of the following statements are true regarding DRIISHYA ?

I. Haryana launched DRIISHYA for surveying infrastructure projects.

II. DRIISHYA was launched in 2023.

III. DRIISHYA is headquartered in Gurugram.

IV. DRIISHYA provides drone pilot training to the youth in Haryana.

**Options :**

(A) I, II and IV only (B) II and IV only
(C) I and II only (D) III and IV only
(E) Not attempted

2. डीआरआईआईएसएचवाईए (DRIISHYA) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

I. हरियाणा ने बुनियादी ढाँचा (अवसंरचना) परियोजनाओं के सर्वेक्षण के लिए DRIISHYA लॉन्च किया।

II. DRIISHYA को 2023 में लॉन्च किया गया था।

III. DRIISHYA का मुख्यालय गुरुग्राम में है।

IV. DRIISHYA हरियाणा में युवाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान करता है।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और IV (B) केवल II और IV
(C) केवल I और II (D) केवल III और IV
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

3. Which location is renowned for hosting the Mango Mela every summer ?

(A) Panipat (B) Pinjore
(C) Karnal (D) Faridabad
(E) Not attempted

3. हर गर्मियों में आम मेले के आयोजन के लिए कौन-सा स्थान प्रसिद्ध है ?

(A) पानीपत (B) पिंजौर
(C) करनाल (D) फरीदाबाद
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

4. Consider the following statements regarding the Panchayati Raj system in Haryana :

I. The Zila Parishad is responsible for advising, supervising and coordinating the functions of the Panchayat Samitis within a district.

II. The Panchayat Samiti is the highest institution of the Panchayati Raj system at the district level.

III. Gram Panchayats directly supervise the activities of the Zila Parishad.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I, II and III
(B) I and III
(C) Only I
(D) Only II
(E) Not attempted

4. हरियाणा में पंचायती राज व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. जिला परिषद एक जिले के भीतर पंचायत समितियों को सलाह देने, उनके पर्यवेक्षण और कार्यों के समन्वय के लिए जिम्मेदार है।

II. पंचायत समिति जिला स्तर पर पंचायती राज व्यवस्था की सर्वोच्च संस्था है।

III. ग्राम पंचायतें जिला परिषद की गतिविधियों की प्रत्यक्ष निगरानी करती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) I, II और III
(B) I और III
(C) केवल I
(D) केवल II
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

5. Which of the following is a major Agro-Forestry species supporting wood-based industries in Haryana ?

(A) Poplar
(B) Deodar
(C) Banyan tree
(D) Sal
(E) Not attempted

5. निम्नलिखित में से किसे हरियाणा में लकड़ी-आधारित उद्योगों को समर्थन देने वाली प्रमुख कृषि वानिकी प्रजाति के रूप में जाना जाता है ?

(A) चिनार (पॉप्लर)
(B) देवदार
(C) वट वृक्ष (बरगद)
(D) साल
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

6. What is the name of the radio programme launched by Department of Women and Child Development (DWCD), Haryana under Beti Bachao Beti Padhao scheme ?

(A) Mahri Desh ki Beti
(B) Mahri Laado
(C) Mahri Laado ki Awaaz
(D) Mahri Beti Bachao
(E) Not attempted

6. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग (डीडब्ल्यूसीडी), हरियाणा द्वारा शुरू किए गए रेडियो कार्यक्रम का नाम क्या है ?

(A) माहरी देश की बेटी
(B) माहरी लाडो
(C) माहरी लाडो की आवाज़
(D) माहरी बेटी बचाओ
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

7. Which of the following statements is ***incorrect*** ?
(A) Windows supports a Graphical User Interface (GUI).
(B) Windows allows file compression.
(C) Windows 10 Pro is a single-user operating system.
(D) Windows 10 Pro supports remote access.
(E) Not attempted

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?
(A) विंडोज़ ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) का समर्थन करता है।
(B) विंडोज़ फ़ाइल संपीडन की अनुमति देता है।
(C) विंडोज़ 10 प्रो एक सिंगल-यूजर ऑपरेटिंग सिस्टम है।
(D) विंडोज़ 10 प्रो रिमोट एक्सेस (सुदूर अभिगम) का समर्थन करता है।
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

8. What does the BCC field in an email stand for ?
(A) Blind Carbon Copy
(B) Broadcast Carbon Copy
(C) Background Central Copy
(D) Backup Communication Copy
(E) Not attempted

8. ईमेल में BCC फ़ील्ड का क्या अर्थ है ?
(A) ब्लाइंड कार्बन कॉपी
(B) ब्रॉडकास्ट कार्बन कॉपी
(C) बैकग्राउंड सेंट्रल कॉपी
(D) बैकअप कम्यूनिकेशन कॉपी
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

9. Match Backup media (Column A) with its Description (Column B) :

| *Column A (Backup media)* | *Column B (Description)* |
|---|---|
| a. Tape Drive | i. Cheap but slower, optical media |
| b. SSD Backup Disk | ii. Fast random access, durable |
| c. Cloud Backup | iii. Remote, internet-based storage |
| d. DVD Archive | iv. Sequential-access, low cost per TB |

**Codes :**
(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(E) Not attempted

9. बैकअप मीडिया (कॉलम A) को इसके विवरण (कॉलम B) से मिलान कीजिए :

| *कॉलम A (बैकअप मीडिया)* | *कॉलम B (विवरण)* |
|---|---|
| a. टेप ड्राइव | i. सस्ता लेकिन धीमा, ऑप्टिकल मीडिया |
| b. SSD बैकअप डिस्क | ii. तेज़ यादृच्छिक अभिगम, टिकाऊ |
| c. क्लाउड बैकअप | iii. रिमोट, इंटरनेट-आधारित स्टोरेज |
| d. डीवीडी आर्काइव | iv. अनुक्रमिक-अभिगम, प्रति टीबी कम लागत |

**कूट :**
(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

10. Identify the ***incorrect*** pair :

(A) OPEC – Climate agreement

(B) BRICS – Developing economies

(C) NAFTA – North American Free Trade Area

(D) GATT – Predecessor of WTO

(E) Not attempted

10. ***गलत*** युग्म की पहचान कीजिए :

(A) ओपेक – जलवायु समझौता

(B) ब्रिक्स – विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ

(C) नाफ्टा – उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार क्षेत्र

(D) गैट (GATT) – डब्ल्यूटीओ (WTO) का पूर्ववर्ती

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

11. Which pollutants are the primary focus under NCAP ?

(A) PM2.5 and PM10

(B) Lead and Mercury

(C) Sulphur Dioxide and Ozone

(D) Nitrogen Dioxide and Carbon Monoxide

(E) Not attempted

11. एनसीएपी (NCAP) के अंतर्गत कौन-से प्रदूषकों पर प्राथमिक ध्यान दिया गया है ?

(A) पीएम2.5 और पीएम10

(B) सीसा और पारा

(C) सल्फर डाइऑक्साइड और ओज़ोन

(D) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

12. Who chairs the Goods and Services Tax (GST) Council in India ?

(A) Finance Secretary

(B) RBI Governor

(C) Union Finance Minister

(D) Prime Minister

(E) Not attempted

12. भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अध्यक्षता कौन करता है ?

(A) वित्त सचिव

(B) आरबीआई गवर्नर

(C) केंद्रीय वित्त मंत्री

(D) प्रधान मंत्री

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

13. Which of the following is ***not*** an objective of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) ?

(A) To accelerate economic growth, social progress and cultural development in the region

(B) To strengthen cooperation among themselves in international forums on matters of common interest

(C) To promote the welfare of the people of South Asia and to improve their quality of life

(D) To establish a unified political system across member states

(E) Not attempted

13. निम्नलिखित में से कौन-सा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) का उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(A) क्षेत्र में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास में तेज़ी लाना

(B) अंतर्राष्ट्रीय मंचों में साझा हित के मामलों पर आपस में सहयोग को मजबूत करना

(C) दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना

(D) सदस्य देशों में एकीकृत राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करना

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

14. Which of the following pairs of scientific inventions and scientists is ***incorrect*** ?
(A) X-rays – Roentgen
(B) Radio – Rutherford
(C) Penicillin – Fleming
(D) Periodic Table – Mendeleev
(E) Not attempted

14. निम्नलिखित में से वैज्ञानिक आविष्कारों और वैज्ञानिकों का कौन-सा युग्म ***गलत*** है ?
(A) एक्स-रे – रोएंटजेन
(B) रेडियो – रदरफोर्ड
(C) पेनिसिलिन – फ्लेमिंग
(D) आवर्त सारणी – मेंडेलीव
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

15. Which of these gives an ***incorrect*** relation between HCF and LCM ?
(A) HCF (a, b) × LCM (a, b) = a/b
(B) a and b are both divisble by HCF (a, b)
(C) HCF ≤ min (a, b)
(D) LCM ≥ max (a, b)
(E) Not attempted

15. इनमें से कौन-सा HCF और LCM के बीच ***गलत*** संबंध देता है ?
(A) HCF (a, b) × LCM (a, b) = a/b
(B) a और b दोनों HCF (a, b) से विभाज्य हैं
(C) HCF ≤ min (a, b)
(D) LCM ≥ max (a, b)
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

16. If 3A = 2B = 4C, then what is A : B : C ?
(A) 4 : 6 : 5
(B) 4 : 6 : 3
(C) 2 : 3 : 4
(D) 2 : 3 : 5
(E) Not attempted

16. यदि 3A = 2B = 4C है, तो A : B : C क्या है ?
(A) 4 : 6 : 5
(B) 4 : 6 : 3
(C) 2 : 3 : 4
(D) 2 : 3 : 5
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

17. Fill in the blank :
If $a^2 + b^2 = 29$ and ab = 10, then a + b = ________.
(A) ±7
(B) 9
(C) 14
(D) ±14
(E) Not attempted

17. रिक्त स्थान भरिए :
यदि $a^2 + b^2 = 29$ और ab = 10, तो a + b = ________.
(A) ±7
(B) 9
(C) 14
(D) ±14
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

18. A scored 20% more than B. B scored 25% less than C. If C scored 80, what is A's score ?
(A) 72 (B) 80 (C) 84 (D) 76
(E) Not attempted

18. A ने B से 20% अधिक अंक प्राप्त किए। B ने C से 25% कम अंक प्राप्त किए। यदि C ने 80 अंक प्राप्त किए, तो A के अंक कितने हैं ?
(A) 72 (B) 80 (C) 84 (D) 76
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

19. Which of the following 'data set-to-average' pairs is ***incorrectly*** matched ?
(A) [2, 4, 6, 8] → 5
(B) [1, 3, 5, 7] → 4
(C) [4, 6, 8] → 6
(D) [3, 5, 7, 9] → 7
(E) Not attempted

19. निम्नलिखित में से कौन-से 'डेटा सेट-से-औसत' युग्म का मिलान ***गलत*** है ?
(A) [2, 4, 6, 8] → 5
(B) [1, 3, 5, 7] → 4
(C) [4, 6, 8] → 6
(D) [3, 5, 7, 9] → 7
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**20.** Which ocean current is warm and helps keep Western Europe's climate moderate ?

(A) Canary

(B) Gulf Stream

(C) Humboldt

(D) Labrador

(E) Not attempted

**21.** The Saṅgīta Ratnākara, a treatise on music, was composed by which of the following musicians ?

(A) Amir Khusrau

(B) Tansen

(C) Sharangadev

(D) Swathi Thirunal

(E) Not attempted

**22.** Match the following Articles of the Indian Constitution in Column A with their respective Subject Matter in Column B :

| | *Column A* *(Article)* | | *Column B* *(Subject Matter)* |
|---|---|---|---|
| a. | Article 14 | i. | Protection of life and personal liberty |
| b. | Article 19 | ii. | Equality before law |
| c. | Article 21 | iii. | Right to freedom of speech and expression |
| d. | Article 32 | iv. | Right to constitutional remedies |

**Codes :**

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(E) Not attempted

**20.** कौन-सी महासागरीय धारा गर्म है और पश्चिमी यूरोप की जलवायु को मध्यम बनाए रखने में मदद करती है ?

(A) कैनरी

(B) गल्फ स्ट्रीम

(C) हम्बोल्ट

(D) लैब्राडोर

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**21.** संगीत पर ग्रंथ, संगीत रत्नाकर की रचना निम्नलिखित में से किस संगीतकार ने की थी ?

(A) अमीर खुसरो

(B) तानसेन

(C) शारंगदेव

(D) स्वाति थिरुनल

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**22.** कॉलम A में दिए गए भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों का कॉलम B में दिए गए उनसे संबंधित विषय-वस्तु से मिलान कीजिए :

| | *कॉलम A* *(अनुच्छेद)* | | *कॉलम B* *(विषय-वस्तु)* |
|---|---|---|---|
| a. | अनुच्छेद 14 | i. | प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण |
| b. | अनुच्छेद 19 | ii. | कानून (विधि) के समक्ष समानता |
| c. | अनुच्छेद 21 | iii. | वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार |
| d. | अनुच्छेद 32 | iv. | संवैधानिक उपचारों का अधिकार |

**कूट :**

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

23. What is the primary objective of the "Manohar Jyoti" scheme launched by HAREDA (Haryana Renewable Energy Development Agency) ?
(A) To provide solar water pumps to farmers for irrigation purposes
(B) To promote electric vehicles through subsidies
(C) To supply LED-based solar home lighting systems to households
(D) To install solar power plants on government buildings
(E) Not attempted

23. हरेडा (हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा शुरू की गई "मनोहर ज्योति" योजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?
(A) सिंचाई के लिए किसानों को सौर जल पंप उपलब्ध कराना
(B) सब्सिडी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना
(C) घरों में एलईडी-आधारित सौर घरेलू प्रकाश व्यवस्था की आपूर्ति करना
(D) सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

24. Which ancient river, often mentioned in Vedic texts, is believed to have flowed through present-day Haryana and its revival is a current project ?
(A) Vipasha
(B) Shutudri
(C) Asikni
(D) Saraswati
(E) Not attempted

24. वैदिक ग्रंथों में अकसर वर्णित कौन-सी प्राचीन नदी वर्तमान हरियाणा से होकर बहती थी तथा इसका पुनरुद्धार एक वर्तमान परियोजना है ?
(A) विपाशा
(B) शुतुदरी
(C) असिक्नी
(D) सरस्वती
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

25. Which of the following is the State Tree of Haryana ?
(A) Banyan
(B) Neem
(C) Peepal
(D) Mango
(E) Not attempted

25. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा का राज्य वृक्ष है ?
(A) वट वृक्ष (बरगद)
(B) नीम
(C) पीपल
(D) आम
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

26. What is the name of the Haryana Government scheme that compensates farmers when market prices fall below MSP ?
(A) PM-KISAN Samman Nidhi
(B) Meri Fasal Mera Byora
(C) Krishi Sinchai Yojana
(D) Bhavantar Bharpai Yojana
(E) Not attempted

26. हरियाणा सरकार की उस योजना का क्या नाम है जो बाज़ार मूल्य एमएसपी से नीचे गिरने पर किसानों को मुआवजा देती है ?
(A) पीएम-किसान सम्मान निधि
(B) मेरी फसल मेरा ब्यौरा
(C) कृषि सिंचाई योजना
(D) भावांतर भरपाई योजना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

27. Match the landmarks in Column A with their correct locations in Column B :

| *Column A (Landmark)* | | *Column B (Location)* |
|---|---|---|
| a. Brahma Sarovar | i. | Faridabad |
| b. Surajkund | ii. | Bhiwani |
| c. Tilyar Lake | iii. | Kurukshetra |
| d. Star Monument | iv. | Rohtak |

**Codes :**

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(E) Not attempted

27. कॉलम A में दिए गए स्थलचिह्नों का कॉलम B में दिए गए उनके सही स्थानों से मिलान कीजिए :

| *कॉलम A (स्थलचिह्न)* | | *कॉलम B (स्थान)* |
|---|---|---|
| a. ब्रह्म सरोवर | i. | फरीदाबाद |
| b. सूरजकुंड | ii. | भिवानी |
| c. तिलयार झील | iii. | कुरुक्षेत्र |
| d. स्टार स्मारक | iv. | रोहतक |

**कूट :**

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

28. Which of the following is the correct group of physiographic divisions of the Ghaggar-Yamuna Plain in Haryana ?

(A) Malwa, Khadar, Doab and Rohilkhand

(B) Bangar, Khadar, Naili and Bet

(C) Bhabar, Terai, Khadar and Bundelkhand

(D) Bhakra, Doab, Terai and Chaur

(E) Not attempted

28. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा में घग्गर-यमुना मैदान के भूआकृतिक विभाजनों का सही समूह है ?

(A) मालवा, खादर, दोआब और रोहिलखंड

(B) बांगर, खादर, नैली और बेट

(C) भाबर, तराई, खादर और बुंदेलखंड

(D) भाखड़ा, दोआब, तराई और चौर

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

29. Which of the following is the highest peak in Haryana ?

(A) Karoh Peak

(B) Dhosi Hill

(C) Riwasa Hill

(D) Khanak Hill

(E) Not attempted

29. निम्नलिखित में से हरियाणा की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है ?

(A) करोह चोटी

(B) धोसी पहाड़ी

(C) रिवासा पहाड़ी

(D) खनक पहाड़ी

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

30. Three tasks must be completed, each taking one hour :
Task 1 : Needs Anita and Babita
Task 2 : Needs Babita and Cheenu
Task 3 : Needs Anita and Cheenu
Only one task can be worked on at a time. No person can participate in two tasks simultaneously. What is the minimum total time to complete all three tasks ?

(A) 2 hours (B) 3 hours
(C) 3·5 hours (D) 2·5 hours
(E) Not attempted

30. तीन कार्य पूरे करने होंगे, जिनमें से प्रत्येक में एक घंटा लगेगा :
कार्य 1 : अनिता और बबीता की आवश्यकता है
कार्य 2 : बबीता और चीनू की आवश्यकता है
कार्य 3 : अनिता और चीनू की आवश्यकता है
एक समय में केवल एक ही कार्य किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति एक साथ दो कार्यों में भाग नहीं ले सकता।
तीनों कार्यों को पूरा करने के लिए न्यूनतम कुल समय क्या है ?

(A) 2 घंटे (B) 3 घंटे
(C) 3·5 घंटे (D) 2·5 घंटे
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

31. Complete the series :
4, 7, 13, 25, 49, ?

(A) 91 (B) 101 (C) 97 (D) 85
(E) Not attempted

31. श्रृंखला पूरी कीजिए :
4, 7, 13, 25, 49, ?

(A) 91 (B) 101 (C) 97 (D) 85
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

32. Select a figure from the Answer Figures which will continue the same series as established by the five Question Figures.

**Question Figures :**



(1) (2) (3) (4) (5)

**Answer Figures :**

(A)  (B) 

(C)  (D) 

(E) Not attempted

32. उत्तर आकृतियों में से एक आकृति का चयन कीजिए जो पाँच प्रश्न आकृतियों द्वारा स्थापित श्रृंखला को जारी रखेगी।

**प्रश्न आकृतियाँ :**



(1) (2) (3) (4) (5)

**उत्तर आकृतियाँ :**

(A)  (B) 

(C)  (D) 

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

33. Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
gfe _ ig _ eii _ fei _ gf _ ii

(A) ifgie (B) ifige
(C) eifgi (D) figie
(E) Not attempted

33. अक्षरों का कौन-सा समूह दी गई अक्षर श्रृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर उसे पूरा करेगा ?
gfe _ ig _ eii _ fei _ gf_ ii

(A) ifgie (B) ifige
(C) eifgi (D) figie
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

34. What was the original name of the fort built by George Thomas which was later named Jahazgarh ?

(A) Thomasgarh (B) Bahadurgarh

(C) Georgegarh (D) Jhajjargarh

(E) Not attempted

34. जॉर्ज थॉमस द्वारा निर्मित किले का मूल नाम क्या था जिसे बाद में जहाजगढ़ नाम दिया गया ?

(A) थॉमसगढ़ (B) बहादुरगढ़

(C) जॉर्जगढ़ (D) झज्जरगढ़

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

35. Which award is annually conferred by the Haryana Kala Parishad for contributions to Haryanvi literature ?

(A) Vyasa Samman

(B) Saraswati Samman

(C) Pandit Lakhmi Chand Award

(D) Haryana Gaurav Samman

(E) Not attempted

35. हरियाणा कला परिषद द्वारा हरियाणवी साहित्य में योगदान के लिए प्रतिवर्ष कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है ?

(A) व्यास सम्मान

(B) सरस्वती सम्मान

(C) पंडित लखमी चंद पुरस्कार

(D) हरियाणा गौरव सम्मान

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

36. Arrange the following districts in descending order of their Census 2011 population :
Hisar, Yamunanagar, Faridabad, Panipat

(A) Faridabad > Panipat > Hisar > Yamunanagar

(B) Faridabad > Hisar > Panipat > Yamunanagar

(C) Faridabad > Hisar > Yamunanagar > Panipat

(D) Hisar > Faridabad > Panipat > Yamunanagar

(E) Not attempted

36. निम्नलिखित जिलों को उनकी जनगणना 2011 की जनसंख्या के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
हिसार, यमुनानगर, फरीदाबाद, पानीपत

(A) फरीदाबाद > पानीपत > हिसार > यमुनानगर

(B) फरीदाबाद > हिसार > पानीपत > यमुनानगर

(C) फरीदाबाद > हिसार > यमुनानगर > पानीपत

(D) हिसार > फरीदाबाद > पानीपत > यमुनानगर

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

37. Which of the following statements about traditional Haryanvi literary and cultural forms is ***incorrect*** ?

(A) Jhumar Dance is performed by men in a circular formation.

(B) Ratvai is a dance associated with the Mewati tribe.

(C) Sang (Swang) is a folk theatre combining music and drama.

(D) Ragini is a popular form of narrative poetry in Haryanvi.

(E) Not attempted

37. पारंपरिक हरियाणवी साहित्यिक और सांस्कृतिक रूपों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) झूमर नृत्य पुरुषों द्वारा गोलाकार विन्यास में किया जाता है।

(B) रतवई मेवाती जनजाति से जुड़ा एक नृत्य है।

(C) सांग (स्वांग) एक लोक रंगमंच है जिसमें संगीत और नाटक का संयोजन होता है।

(D) रागिनी हरियाणवी में कथात्मक काव्य का एक लोकप्रिय रूप है।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

38. Which of the following word best completes the relationship given below ?
Cell : Organism : : Brick : ?
(A) Building
(B) Mason
(C) Wall
(D) Cement
(E) Not attempted

39. Find the odd one out :
(A) 187
(B) 169
(C) 143
(D) 91
(E) Not attempted

40. Kajal left home for a hospital. She travelled 5 km towards East, then turned towards South-East to travel another 10 km, then again she turned towards North-East to travel 10 km and finally, she reached the hospital. In which direction is the hospital with respect to her home ?
(A) South (B) North (C) East (D) West
(E) Not attempted

41. After interchanging + & × and 12 &18, which of the following equations will hold true ?
(A) (9 + 12) × 18 = 60
(B) (18 + 6) × 12 = 90
(C) (12 + 18) × 12 = 72
(D) (12 + 6) × 18 = 36
(E) Not attempted

42. What is the value of the following expression ?
$(3{\cdot}2 \times 1{\cdot}5) + (6{\cdot}72 \div 0{\cdot}8) - (2{\cdot}1)^2$
(A) 13·21 (B) 4·8
(C) 10·99 (D) 8·79
(E) Not attempted

43. Find the odd one out :
(A) Violin (B) Flute (C) Guitar (D) Sitar
(E) Not attempted

38. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नीचे दिए गए संबंध को सबसे अच्छे ढंग से पूरा करता है ?
कोशिका : जीव : : ईंट : ?
(A) इमारत
(B) मिस्त्री
(C) दीवार
(D) सीमेंट
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

39. विषम चुनिए :
(A) 187
(B) 169
(C) 143
(D) 91
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

40. काजल घर से अस्पताल के लिए निकली । वह पूर्व की ओर 5 किमी चली, फिर दक्षिण-पूर्व की ओर मुड़कर 10 किमी चली, फिर वह उत्तर-पूर्व की ओर मुड़कर 10 किमी चली और अंत में वह अस्पताल पहुँच गई । उसके घर के सापेक्ष अस्पताल किस दिशा में है ?
(A) दक्षिण (B) उत्तर (C) पूर्व (D) पश्चिम
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

41. + & × तथा 12 & 18 को आपस में बदलने पर, निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सत्य होगा ?
(A) (9 + 12) × 18 = 60
(B) (18 + 6) × 12 = 90
(C) (12 + 18) × 12 = 72
(D) (12 + 6) × 18 = 36
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

42. निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या है ?
$(3{\cdot}2 \times 1{\cdot}5) + (6{\cdot}72 \div 0{\cdot}8) - (2{\cdot}1)^2$
(A) 13·21 (B) 4·8
(C) 10·99 (D) 8·79
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

43. विषम चुनिए :
(A) वायलिन (B) बाँसुरी (C) गिटार (D) सितार
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

44. What is the primary objective of the e-Adhigam initiative launched by the Haryana Government ?

(A) To distribute tablets to students in grades 10 to 12 for digital learning
(B) To offer scholarships for higher education abroad
(C) To provide free internet access in rural areas
(D) To establish new government schools in urban areas
(E) Not attempted

44. हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई ई-अधिगम पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) डिजिटल शिक्षा के लिए कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करना
(B) विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना
(C) ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना
(D) शहरी क्षेत्रों में नए सरकारी स्कूल स्थापित करना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

45. Consider the following statements about the Vardhana Dynasty :

I. Their initial capital, Sthanveshvara, was located in present-day Haryana.
II. King Harsha later relocated the dynasty's capital to Kanyakubja, a city in modern Uttar Pradesh.
III. The final capital of the dynasty was also known by its ancient name Thanesar.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I, II and III
(B) II and III only
(C) I only
(D) I and II only
(E) Not attempted

45. वर्धन राजवंश के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उनकी प्रारंभिक राजधानी, स्थानवेश्वर वर्तमान हरियाणा में स्थित थी।
II. राजा हर्ष ने बाद में राजवंश की राजधानी को आधुनिक उत्तर प्रदेश के एक शहर कान्यकुब्ज में स्थानांतरित कर दिया।
III. राजवंश की अंतिम राजधानी को उसके प्राचीन नाम थानेसर से भी जाना जाता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) I, II और III
(B) केवल II और III
(C) केवल I
(D) केवल I और II
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

46. What was Firoz Shah Tughlaq's contribution to Haryana's irrigation ?

(A) Dam on Ghaggar River
(B) Lakes construction in Rohtak
(C) Yamuna Canal
(D) Water tax removal
(E) Not attempted

46. हरियाणा की सिंचाई में फ़िरोज़ शाह तुगलक का क्या योगदान था ?

(A) घग्गर नदी पर बाँध
(B) रोहतक में झीलों का निर्माण
(C) यमुना नहर
(D) जल कर हटाना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

47. A manufacturer sells an item to a shopkeeper at a profit of 25% on his (the manufacturer's) cost price. The shopkeeper then sells the same item to a customer for ₹ 500, making a profit of 20% on the selling price. What was the manufacturer's original cost price for the item ?

(A) ₹ 320
(B) ₹ 400
(C) ₹ 300
(D) ₹ 240
(E) Not attempted

48. A trader offers two successive discounts of 20% and x on an item marked at ₹ 2,000. If final selling price is ₹ 1,280, find x.

(A) 20%
(B) 33·33%
(C) 25%
(D) 10%
(E) Not attempted

49. A invests ₹ 50,000 for 8 months, while B invests ₹ 80,000 for 6 months in a venture. What should be the profit sharing ratio of A : B ?

(A) 8 : 5 (B) 5 : 8 (C) 5 : 6 (D) 1 : 1
(E) Not attempted

50. A machine produces 1 unit every 2·5 minutes. If its efficiency drops by 10% after 2 hours of continuous operation, how many units will it produce in a 5-hour shift ?

(A) 108
(B) 130
(C) 110·8
(D) 112·8
(E) Not attempted

51. A conical tent of radius 7 m and height 24 m is being made. If cloth costs ₹ 10 per square metre, then what is the total cost to cover it from the outside ? (Use $\pi = 22/7$)

(A) ₹ 4,800
(B) ₹ 5,750
(C) ₹ 6,000
(D) ₹ 5,500
(E) Not attempted

47. एक निर्माता, एक दुकानदार को एक वस्तु उसके (निर्माता के) लागत मूल्य पर 25% के लाभ पर बेचता है । फिर दुकानदार उसी वस्तु को एक ग्राहक को ₹ 500 में बेचता है, जिससे उसे विक्रय मूल्य पर 20% का लाभ होता है । वस्तु के लिए निर्माता का मूल लागत मूल्य क्या था ?

(A) ₹ 320
(B) ₹ 400
(C) ₹ 300
(D) ₹ 240
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

48. एक व्यापारी ₹ 2,000 मूल्य की एक वस्तु पर 20% और x की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है । यदि अंतिम विक्रय मूल्य ₹ 1,280 है, तो x ज्ञात कीजिए ।

(A) 20%
(B) 33·33%
(C) 25%
(D) 10%
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

49. A किसी उद्यम में 8 महीने के लिए ₹ 50,000 निवेश करता है, जबकि B, 6 महीने के लिए ₹ 80,000 निवेश करता है । A : B का लाभ विभाजन अनुपात क्या होना चाहिए ?

(A) 8 : 5 (B) 5 : 8 (C) 5 : 6 (D) 1 : 1
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

50. एक मशीन प्रत्येक 2·5 मिनट में 1 यूनिट का उत्पादन करती है । यदि 2 घंटे के निरंतर संचालन के बाद इसकी दक्षता 10% कम हो जाती है, तो यह 5 घंटे की शिफ्ट में कितने यूनिट का उत्पादन करेगी ?

(A) 108
(B) 130
(C) 110·8
(D) 112·8
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

51. 7 मीटर त्रिज्या और 24 मीटर ऊँचाई वाला एक शंक्वाकार तम्बू बनाया जा रहा है । यदि कपड़े की लागत ₹ 10 प्रति वर्ग मीटर है, तो इसे बाहर से ढकने की कुल लागत क्या है ? ($\pi = 22/7$ का उपयोग कीजिए)

(A) ₹ 4,800
(B) ₹ 5,750
(C) ₹ 6,000
(D) ₹ 5,500
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

52. What is the name of the Haryana State Culture Policy approved by the Haryana Cabinet in 2019 ?

(A) Kalash Neeti

(B) Kala Virasat Haryana Neeti

(C) Sanskriti Vikas Haryana Neeti

(D) Kala Vikas Neeti

(E) Not attempted

52. 2019 में हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित हरियाणा राज्य संस्कृति नीति का नाम क्या है ?

(A) कलश नीति

(B) कला विरासत हरियाणा नीति

(C) संस्कृति विकास हरियाणा नीति

(D) कला विकास नीति

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

53. Which file format is best suited to store scanned documents while preserving OCR-readable text layers ?

(A) TIFF

(B) JPEG

(C) PDF

(D) PNG

(E) Not attempted

53. OCR-पठनीय पाठ परतों को संरक्षित करते हुए स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को संग्रहीत करने के लिए कौन-सा फ़ाइल प्रारूप सबसे उपयुक्त है ?

(A) TIFF

(B) JPEG

(C) PDF

(D) PNG

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

54. Which of the following trees are commonly found on the slopes of Morni Hills ?

(A) Eucalyptus and Sal

(B) Deodar and Cedar

(C) Bamboo and Teak

(D) Neem, Oak, Pipal, and Jacaranda

(E) Not attempted

54. निम्नलिखित में से कौन-से पेड़ सामान्यतः मोरनी पहाड़ियों की ढलानों पर पाए जाते हैं ?

(A) यूकेलिप्टस और साल

(B) देवदार और सीडर

(C) बाँस और सागवान

(D) नीम, ओक, पीपल, और जकरंदा

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

55. Which of the following is the correct order from smallest to largest unit of digital information ?

(A) Gigabyte, Terabyte, Megabyte, Kilobyte

(B) Kilobyte, Megabyte, Gigabyte, Terabyte

(C) Kilobyte, Gigabyte, Megabyte, Terabyte

(D) Megabyte, Kilobyte, Gigabyte, Terabyte

(E) Not attempted

55. डिजिटल सूचना की सबसे छोटी से सबसे बड़ी इकाई का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) गीगाबाइट, टेराबाइट, मेगाबाइट, किलोबाइट

(B) किलोबाइट, मेगाबाइट, गीगाबाइट, टेराबाइट

(C) किलोबाइट, गीगाबाइट, मेगाबाइट, टेराबाइट

(D) मेगाबाइट, किलोबाइट, गीगाबाइट, टेराबाइट

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

56. Which of the following statements about internet security and privacy is ***incorrect*** ?

(A) Public Wi-Fi networks are generally secure for online activities.

(B) Using a VPN can enhance security on public Wi-Fi networks.

(C) Clearing your browser's cache can help free up some disk space.

(D) "HTTPS" indicates a secure connection for browsers.

(E) Not attempted

56. इंटरनेट सुरक्षा और गोपनीयता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क आमतौर पर ऑनलाइन गतिविधियों के लिए सुरक्षित होते हैं।

(B) VPN का उपयोग सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क पर सुरक्षा बढ़ा सकता है।

(C) अपने ब्राउज़र के कैश को खाली करने से कुछ डिस्क स्थान खाली करने में मदद मिल सकती है।

(D) "HTTPS" ब्राउज़र के लिए एक सुरक्षित कनेक्शन को इंगित करता है।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

57. Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) Panama Canal connects the Atlantic Ocean to the Pacific Ocean.

(B) Kiel Canal connects the Arctic Ocean to the Atlantic Ocean.

(C) Bering Strait connects the Pacific Ocean to the Arctic Ocean.

(D) Suez Canal connects the Red Sea to the Mediterranean Sea.

(E) Not attempted

57. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) पनामा नहर अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है।

(B) कील नहर आर्कटिक महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ती है।

(C) बेरिंग जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) प्रशांत महासागर को आर्कटिक महासागर से जोड़ता है।

(D) स्वेज़ नहर लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

58. In early 2024, which Indian city launched the country's first underwater metro line ?

(A) Kochi

(B) Chennai

(C) Kolkata

(D) Mumbai

(E) Not attempted

58. 2024 की शुरुआत में, किस भारतीय शहर में देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो लाइन शुरू हुई ?

(A) कोच्चि

(B) चेन्नई

(C) कोलकाता

(D) मुंबई

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

59. Which institution is mainly responsible for procuring food grains at MSP for maintaining buffer stocks ?

(A) NABARD

(B) Ministry of Agriculture

(C) Food Corporation of India (FCI)

(D) Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP)

(E) Not attempted

59. बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए एमएसपी (MSP) पर खाद्यान्न खरीदने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी संस्था जिम्मेदार है ?

(A) नाबार्ड

(B) कृषि मंत्रालय

(C) भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)

(D) कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी)

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

60. If $x = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ and $y = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$, then what is the value of $x^2 + y^2$ ?

(A) 98

(B) 50

(C) 25

(D) 49

(E) Not attempted

61. A train moving at 90 km/h takes 30 seconds to cross a bridge. It takes 18 seconds to cross a pole. Find the length of the bridge.

(A) 300 m (B) 450 m

(C) 350 m (D) 400 m

(E) Not attempted

62. A tower casts a shadow 20 m long when the sun's angle of elevation is 30°. What is the height of the tower ?

(A) 10 m

(B) 20 m

(C) $\frac{20}{\sqrt{2}}$ m

(D) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m

(E) Not attempted

63. Given the table below, which department has the lowest profit per employee ?

| *Department* | *No. of Employees* | *Profit (₹ in Lakhs)* |
|---|---|---|
| HR | 20 | 40 |
| IT | 80 | 70 |
| Operations | 50 | 50 |
| Sales | 60 | 30 |

(A) IT (B) HR

(C) Operations (D) Sales

(E) Not attempted

60. यदि $x = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ और $y = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है ?

(A) 98

(B) 50

(C) 25

(D) 49

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

61. 90 किमी/घंटा की गति से चलने वाली एक ट्रेन को एक पुल पार करने में 30 सेकंड लगते हैं। एक खंभे को पार करने में उसे 18 सेकंड लगते हैं। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 300 m (B) 450 m

(C) 350 m (D) 400 m

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

62. एक टावर की छाया 20 मीटर लंबी होती है जब सूर्य का उन्नयन कोण 30° होता है। टावर की ऊँचाई कितनी है ?

(A) 10 m

(B) 20 m

(C) $\frac{20}{\sqrt{2}}$ m

(D) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

63. नीचे दी गई तालिका में, किस विभाग में प्रति कर्मचारी लाभ सबसे कम है ?

| *विभाग* | *कर्मचारियों की संख्या* | *लाभ (लाख ₹ में)* |
|---|---|---|
| HR | 20 | 40 |
| IT | 80 | 70 |
| परिचालन | 50 | 50 |
| बिक्री | 60 | 30 |

(A) IT (B) HR

(C) परिचालन (D) बिक्री

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

64. Only three of the options can be formed using the letters of the given word CELEBRATION, using each letter only once. One option cannot be formed. Find that word.

(A) ACTION (B) ELECTRIC
(C) BRACE (D) TABLE
(E) Not attempted

65. Haryana shares its boundary with how many Indian States, excluding Delhi ?

(A) 4 (B) 5
(C) 7 (D) 6
(E) Not attempted

66. Three friends had dinner at a restaurant. When the bill was received, Amita paid 2/3 as much as Veena paid and Veena paid 1/2 as much as Tanya paid. What fraction of the bill did Veena pay ?

(A) 3/11 (B) 1/3 (C) 5/11 (D) 4/11
(E) Not attempted

67. What is the minimum educational qualification required for a Scheduled Caste (SC) woman candidate contesting the post of Panch in Haryana Panchayati Raj Institutions elections ?

(A) 10th pass (B) 12th pass
(C) 5th pass (D) 8th pass
(E) Not attempted

68. In a certain code, 'BASKET' is written as '5$3%#1' and 'TRIED' is written as '14★#2'. How will 'SKIRT' be written in that code ?

(A) 3%#41 (B) 3%★41
(C) 3★%41 (D) 3#4%1
(E) Not attempted

69. In which year was the Circuit House converted into the residence-cum-office of the Governor and made Raj Bhavan Haryana ?

(A) 1956 (B) 1976 (C) 1966 (D) 1986
(E) Not attempted

64. दिए गए शब्द CELEBRATION के अक्षरों का उपयोग करके केवल तीन विकल्प बनाए जा सकते हैं, जबकि प्रत्येक अक्षर का उपयोग केवल एक बार किया जाता है। एक विकल्प नहीं बनाया जा सकता। वह शब्द ढूँढ़िए।

(A) ACTION (B) ELECTRIC
(C) BRACE (D) TABLE
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

65. हरियाणा की सीमा, दिल्ली को छोड़कर, कितने भारतीय राज्यों के साथ लगती है ?

(A) 4 (B) 5
(C) 7 (D) 6
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

66. तीन दोस्तों ने एक रेस्टोरेंट में खाना खाया। जब बिल मिला, तो अमिता ने वीना के भुगतान का 2/3 भुगतान किया और वीना ने तान्या के भुगतान का 1/2 भुगतान किया। वीना ने बिल का कितना हिस्सा चुकाया ?

(A) 3/11 (B) 1/3 (C) 5/11 (D) 4/11
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

67. हरियाणा पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में पंच के पद के लिए चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति (एससी) की महिला उम्मीदवार के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या है ?

(A) 10वीं पास (B) 12वीं पास
(C) 5वीं पास (D) 8वीं पास
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

68. एक निश्चित कोड में, 'BASKET' को '5$3%#1' और 'TRIED' को '14★#2' लिखा जाता है। उस कोड में 'SKIRT' को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) 3%#41 (B) 3%★41
(C) 3★%41 (D) 3#4%1
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

69. सर्किट हाउस को किस वर्ष राज्यपाल के निवास-सह-कार्यालय में परिवर्तित किया गया और वह हरियाणा राज भवन बन गया ?

(A) 1956 (B) 1976 (C) 1966 (D) 1986
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

70. A farmer looks out into his farm and sees both chickens and cows. He counts a total of 30 heads and 74 legs. Assuming every animal has exactly one head, how many chickens does the farmer have ?

(A) 18 (B) 15 (C) 23 (D) 7

(E) Not attempted

71. If triangle represents Men, rectangle represents Businessmen and circle represents Millionaires, then which number represents Men that are both Businessmen and Millionaires ?




(A) 12 (B) 11 (C) 10 (D) 13

(E) Not attempted

72. A piece of paper is folded and then holes are punched in it, as shown in the Question Figures. From the given Answer Figures, indicate how it will appear when opened.

**Question Figures :**



**Answer Figures :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) Not attempted

70. एक किसान अपने खेत में देखता है और मुर्गियाँ और गाय दोनों देखता है। वह कुल 30 सिर और 74 पैर गिनता है। यह मानते हुए कि हर जानवर का एक ही सिर है, किसान के पास कितनी मुर्गियाँ हैं ?

(A) 18 (B) 15 (C) 23 (D) 7

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

71. यदि त्रिभुज पुरुषों को दर्शाता है, आयत व्यवसायियों को दर्शाता है और वृत्त करोड़पति को दर्शाता है, तो कौन-सी संख्या उन पुरुषों को दर्शाती है जो व्यवसायी और करोड़पति दोनों हैं ?




(A) 12 (B) 11 (C) 10 (D) 13

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

72. कागज़ के एक टुकड़े को मोड़ा जाता है और फिर उसमें छेद किए जाते हैं, जैसा कि प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है। दी गई उत्तर आकृतियों से बताइए कि खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा।

**प्रश्न आकृतियाँ :**



**उत्तर आकृतियाँ :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

73. Which one of the following is ***not*** associated with Harappan culture ?

(A) Bricks and Beads
(B) Great Bath
(C) Drainage system
(D) Iron tools
(E) Not attempted

74. Which country assumed the BRICS presidency in 2025 following Russia ?

(A) India
(B) South Africa
(C) China
(D) Brazil
(E) Not attempted

75. Consider the following statements about the Comptroller and Auditor General (CAG) of India :

I. The CAG is appointed by the President of India.
II. The CAG can be removed by the Prime Minister.
III. The CAG audits the accounts of both the Union and State governments.
IV. The CAG submits audit reports directly to the Finance Minister.

Which of the above statements are true ?

(A) I, III and IV only
(B) II and IV only
(C) I and II only
(D) I and III only
(E) Not attempted

73. निम्नलिखित में से कौन-सा हड़प्पा संस्कृति से संबंधित **नहीं** है ?

(A) ईंटें और मनके
(B) विशाल स्नानागार
(C) जल-निकासी व्यवस्था
(D) लोहे के औज़ार
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

74. रूस के बाद 2025 में ब्रिक्स की अध्यक्षता किस देश ने ग्रहण की ?

(A) भारत
(B) दक्षिण अफ्रीका
(C) चीन
(D) ब्राज़ील
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

75. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. CAG की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
II. CAG को प्रधान मंत्री द्वारा हटाया जा सकता है।
III. CAG केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के लेखों की लेखापरीक्षा करता है।
IV. CAG लेखापरीक्षा रिपोर्ट सीधे वित्त मंत्री को प्रस्तुत करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

(A) केवल I, III और IV
(B) केवल II और IV
(C) केवल I और II
(D) केवल I और III
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

76. Fill in the blank :
They were finally able to __________ after a long disagreement.
(A) burn the bridge
(B) spill the beans
(C) bury the axe
(D) bite the bullet
(E) Not attempted

77. What is the synonym of "Ancient" ?
(A) Current
(B) Future
(C) Recent
(D) Old
(E) Not attempted

78. Which of the following options gives the grammatically correct sentence ?
(A) The report comprises five sections.
(B) The report is comprised of five sections.
(C) The report comprises of five sections.
(D) The report had comprised five sections.
(E) Not attempted

79. In which sequence should the following parts be arranged to form a proper sentence ?

| the station / | reached / | before noon / | they |
|---|---|---|---|
| (I) | (II) | (III) | (IV) |

(A) IV, II, I, III
(B) I, II, IV, III
(C) IV, I, II, III
(D) II, IV, I, III
(E) Not attempted

80. Fill in the blank :
It is essential that she ________ present at the meeting tomorrow.
(A) were
(B) was
(C) be
(D) is
(E) Not attempted

81. Fill in the blanks :
As the plane ________ through the turbulence, passengers ________ their seatbelts tighter. The captain's calm voice reassured everyone.
(A) flew, grabbed
(B) flew, fastened
(C) flown, hold
(D) flying, held
(E) Not attempted

82. What is the antonym of "Meticulous" ?
(A) Sloppy
(B) Detailed
(C) Precise
(D) Careful
(E) Not attempted

83. Which of the following describes a person who does not believe in the existence of God ?
(A) Skeptic (B) Atheist
(C) Theist (D) Agnostic
(E) Not attempted

84. Identify which part of the following sentence has an error.

| Each of the boys / | have submitted / |
|---|---|
| (I) | (II) |
| his assignment / | today. |
| (III) | (IV) |

(A) III
(B) IV
(C) II
(D) I
(E) Not attempted

85. Fill in the blank :
By the time we got there, the train ________.
(A) had left
(B) has left
(C) left
(D) leaves
(E) Not attempted

86. दिए गए विकल्पों में तद्धित प्रत्यय का उदाहरण ***नहीं*** है :
(A) समझौता (B) लालिमा (C) लुहार (D) बुद्धिमान
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

87. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का सही समूह ***नहीं*** है :
(A) ध्यानमग्न, मझधार, पुच्छलतारा
(B) अमचूर, रामचरित, कवि पुंगव
(C) वन-गमन, दयार्द्र, जेबकतरा
(D) बलि-पशु, प्राप्तोदक, घृतान्न
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

88. निम्नलिखित में से किसका उच्चारण स्थान मूर्द्धा ***नहीं*** है ?
(A) ट (B) ऋ (C) त (D) ष
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

89. शुद्ध शब्द का चयन कीजिए :
(A) उज्ज्वल (B) परिनाम (C) वधु (D) नुपुर
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

90. 'यदि वह परिश्रम करता तो अवश्य सफल होता ।' वाक्य में क्रिया का काल है :
(A) सम्भाव्य भविष्यत् (B) अपूर्ण भूत
(C) हेतुहेतुमद् भूत (D) अपूर्ण वर्तमान
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

91. 'प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्ति' वाक्यांश के लिए सही शब्द है :
(A) लब्धप्रतिष्ठित (B) लब्धप्रतिष्ठ
(C) लब्धप्रतिष्ठा (D) सम्मानित
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

92. उपसर्ग युक्त शब्द ***नहीं*** है :
(A) प्रेत (B) तेली (C) अनन्त (D) अनीह
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

93. रति सम रमणीय मूर्ति राधा की । पंक्ति में अलंकार है :
(A) रूपक (B) अनुप्रास (C) उपमा (D) यमक
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

94. रात को पहरा देने वाला' वाक्यांश में पदबंध है :
(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध
(C) क्रिया पदबंध (D) सर्वनाम पदबंध
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

95. 'वागीश' शब्द का सन्धि-विच्छेद है :
(A) वाक् + इश (B) वाग + इश
(C) वाग् + इश (D) वाक् + ईश
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

96. 'यदि तुम पैसे दो तो मैं चलूँ ।' वाक्य का प्रकार है :
(A) विधानार्थक वाक्य (B) संकेतार्थक वाक्य
(C) विस्मय बोधक वाक्य (D) संदेहार्थक वाक्य
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

97. 'शकुनि' किसका पर्यायवाची है ?
(A) युवक (B) खग (C) देवता (D) पशु
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

98. निम्नलिखित में से 'अयोगवाह' है :
(A) र, ल (B) द्र, ढ़ (C) श्र, त्र (D) अं, अः
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।
II. जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।
III. जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य या प्रधान उपवाक्य किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।
IV. ऐसे उपवाक्य जो प्रधान उपवाक्य या आश्रित उपवाक्य के समान अधिकार वाला हो, उसे समानाधिकरण उपवाक्य कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(A) I, II, III और IV (B) II, III और IV
(C) I, III और IV (D) I, II और III
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

100. 'स्थूल' का विलोम शब्द है :
(A) जड़ (B) सूक्ष्म (C) नश्वर (D) चेतन
(E) उत्तर नहीं देना चाहते